# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

### फरवरी-मार्च, 2007 सत्र

### मंगलवार, दिनांक 20 फरवरी, 2007

### तारांकित प्रश्नोत्तर

बस्तर के बैलाडीला क्षेत्र में लौह अयस्क की खदानें

1. (*क्र. 204) **मोहम्मद अकबर :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि जिला दक्षिण बस्तर तहसील दन्तेवाड़ा के बैलाडीला डिपाजीट 3 समूह क्षेत्र हेतु कितने-कितने क्षेत्र के लिए किसके-किसके पक्ष में लौह अयस्क खनन के लिए पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति/खनिज पट्टा के लिए प्रस्तुत आवेदनों को स्वीकृत कर भारत सरकार को अनुशंसा के साथ स्वीकृति हेतु किसके आदेश से प्रेषित किया गया है ? प्रकरणों की अद्यतन स्थिति क्या है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : राज्य शासन द्वारा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा की तहसील दन्तेवाड़ा स्थित बैलाडीला डिपाजीट-3 समूह के 2285.00 हेक्टर क्षेत्र पर मेसर्स एस्सार स्टील लिमिटेड के पक्ष में खनिज लौह अयस्क की पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति स्वीकृति हेतु खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 5 (1) के तहत पूर्वानुमोदन हेतु भारत सरकार, खान मंत्रालय को प्रस्ताव दिनांक 10-11-2006 को भेजा गया था. खान मंत्रालय, भारत सरकार से उक्त प्रस्ताव का अनुमोदन पत्र दिनांक 28-12-2006 द्वारा प्राप्त हो गया है. आवेदित भूमि वन भूमि होने से आवेदक कंपनी को वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत आवश्यक अनुमति प्राप्त कर प्रस्तुत करने हेतु विभाग के पत्र क्रमांक एफ 3-63/2006/12, दिनांक 31-1-2007 द्वारा लेख किया गया है.

जनपद पंचायतों को वृक्षारोपण हेतु स्वीकृत राशि

2. (*क्र. 41) **श्री त्रिलोचन पटेल :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2006-2007 में जिला महासमुंद, रायपुर, दुर्ग एवं रायगढ़ में जनपद पंचायतों द्वारा कितनी-कितनी राशि का वृक्षारोपण किया गया है ? जिलेवार जानकारी दें ? (ख) कंडिका "क" के अनुरूप संपादित वृक्षारोपण की उत्तर जीविका के लिए क्या-क्या उपाय किए गए ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : (क) वर्ष 2006-2007 में जिला महासमुंद, रायपुर, दुर्ग एवं रायगढ़ में जनपद पंचायतों द्वारा कुल राशि रुपये 131.874 लाख का वृक्षारोपण किया गया है. जिलेवार जानकारी निम्नानुसार है :-

| क्रमांक | जिले का नाम | व्यय राशि (लाख रुपये में) |
|---|---|---|
| 1. | महासमुंद | - |
| 2. | रायपुर | 24.777 |
| 3. | दुर्ग | 44.772 |
| 4. | रायगढ़ | 62.325 |
| | योग | 131.874 |

(ख) कंडिका "क" के अनुरूप संपादित वृक्षारोपण की उत्तर जीविका के लिए तारफेंसिंग, कटीले पौधों से घेरा तथा पशु अवरोधक ट्रेंच खुदाई आदि कार्य किये गये हैं.

50 बिस्तर वाले चिकित्सालयों में उपलब्ध सुविधाएं एवं स्टाफ

3. (*क्र. 53) **श्री मोतीलाल देवांगन :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में 50 बिस्तर वाले अस्पतालों में क्या-क्या सुविधाएं एवं कौन-कौन से विशेषज्ञ (डॉक्टरों) की नियुक्ति एवं कितने कर्मचारियों की पदस्थापना की जाती है ? (ख) क्या चांपा स्थित शासकीय बी.डी.एम. चिकित्सालय का उन्नयन कर 50 बिस्तर किया गया है ? यदि हां, तो उक्त अस्पताल में कितने विशेषज्ञ (डॉक्टर ) एवं कर्मचारी पदस्थ किए गए हैं एवं क्या-क्या सुविधाएं वर्तमान में उपलब्ध हैं ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य** (डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी) : (क) एक्स-रे, पैथोलॉजी, प्रसूति, सर्जरी, आर्थोपिडिक, गायनिक, पेईंगवार्ड, एम्बुलेन्स, आंतरिक रोगी, बाह्य रोगी एवं आपातकालीन चिकित्सा. दो विशेषज्ञ (डॉक्टर) एवं 34 कर्मचारी. (ख) जी. हां. 2 पोस्ट ग्रेज्युएट, एवं 3 चिकित्सा अधिकारी एवं 21 अन्य चिकित्सा कर्मचारी. एक्स-रे, पैथोलॉजी, प्रसूति, सर्जरी, आर्थोपिडिक, गायनिक, पेईंगवार्ड, एम्बुलेन्स, आंतरिक रोगी, बाह्य रोगी एवं आपातकालीन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं.

"नवा अंजोर" कार्यक्रम हेतु विकासखण्डों के चयन का मापदण्ड

4. (*क्र. 98) **महन्त रामसुन्दर दास :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में संचालित नवा अंजोर कार्यक्रम के तहत राज्य शासन को केन्द्र शासन से कितनी राशि वर्षवार योजना के प्रारंभ से 27-01-2007 तक प्राप्त हुई है ? (ख) प्रदेश में संचालित नवा अंजोर कार्यक्रम के लिये विकासखण्डों के चयन का मापदण्ड क्या है ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर) : (क) प्रदेश में संचालित "नवा अंजोर" (छतीसगढ़ ग्रामीण गरीबी उन्मूलन) परियोजना को केन्द्र शासन से कोई राशि प्राप्त नहीं होती है. परियोजना क्रियान्वयन के लिए राज्य शासन द्वारा विश्व बैंक से ऋण लिया गया है जिसे राज्य शासन द्वारा राज्य बजट में राशि का प्रावधान कर व्यय किया जाता है. विश्व बैंक, व्यय राशि की प्रतिपूर्ति भारत सरकार के माध्यम से करती है. विश्व बैंक द्वारा भारत सरकार के माध्यम से की गयी प्रतिपूर्ति राशि का विवरण वर्षवार इस प्रकार है :-

| वित्तीय वर्ष | | प्रतिपूर्ति राशि |
|---|---|---|
| 2004-05 | | रु. 22.71 लाख |
| 2005-06 | | रु. 2859.20 लाख |
| 2006-07 (माह दिसंबर तक) | | रु. 5536.07 लाख |
| | कुल | रु. 8417.98 लाख |

(ख) नवा अंजोर परियोजना अंतर्गत विकासखण्डों के चयन का आधार † संलग्न परिशिष्ट पर है.

बिजली बिल जमा न करने के कारण ग्रामीणों का काटा गया विद्युत कनेक्शन

5. (*क्र. 266) **श्री धर्मजीत सिंह :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 01 जनवरी, 2006 से दिनांक 24 जनवरी 2007 के मध्य जिला कवर्धा, जिला-बिलासपुर, जिला जांजगीर-चांपा एवं जिला कोरबा में बिजली बिल नहीं पटाने के कारण कौन-कौन से गांवों की संपूर्ण बिजली काट दी गई है ? ऐसे गांवों का नाम जिलेवार, विकासखण्डवार बताने का कष्ट करें एवं कितनी राशि बकाया है ? ग्रामवार बताने का कष्ट करें ? (ख) प्रश्नांश "क" में पूछे गए गांवों में विद्युत लाईन काटने के पूर्व क्या विद्युत मण्डल के अधिकारी/कर्मचारियों ने संबंधित ग्रामवासियों की बैठक लेकर उन्हें विद्युत बिल भुगतान करने हेतु समझाईश दी थी ? यदि हां, तो कौन-कौन से गांव में कब-कब बैठक की गयी ? (ग) क्या यह सत्य है कि शासन की नीति के अनुसार प्रत्येक गांव में घरेलू कनेक्शन एवं पॉवर कनेक्शन, ट्यूबवेल, मिल आदि के लिए अलग-अलग विद्युत लाईन बिछाने की योजना है ? यदि हां, तो प्रश्नांश "क" में पूछे गए जिलों में कौन-कौन से गांवों में 24 जनवरी, 2007 तक यह कार्य कर लिया गया है ? गांवों के नाम सहित विकासखण्डवार, जिलेवार जानकारी देवें ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) 01 जनवरी 2006 से 24 जनवरी 2007 की अवधि में अधिकांश विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत बिलों का भुगतान नहीं करने के कारण कवर्धा जिले के 33 ग्रामों एवं जांजगीर-चांपा जिले के 15 ग्रामों की बिजली पूर्णतः काट दी गई है. जिलेवार एवं विकासखण्डवार

† परिशिष्ट "एक"

इन ग्रामों के नाम तथा बकाया राशि की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शाई गई है. बिलासपुर एवं कोरबा जिले के किसी सम्पूर्ण ग्राम की बिजली उक्त कारणों से नहीं कटी है. (ख) जी हां. संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा उक्त ग्रामों में उपभोक्ताओं की बैठक लेने/उन्हें समझाइश देने की दिनांक भी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शाई गई है. (ग) प्रदेश में ग्रामों के रिहायशी क्षेत्रों एवं पम्प कनेक्शनों को अलग-अलग 11 केव्ही लाइनों से विद्युत प्रदाय किये जाने की योजना बनाई गई है, जिसके अंतर्गत उक्त जिलों में अभी किसी ग्राम का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है.

इलेक्ट्रॉनिक मीटर की सप्लाई

6. (*क्र. 29) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या विभाग द्वारा विद्युत मापन हेतु विभिन्न फर्मों कंपनियों को इलेक्ट्रानिक मीटर सप्लाई करने के आदेश विगत 02 वर्ष के अन्तराल में दिए गए हैं ? यदि हां, तो अनुबन्ध की शर्तें क्या हैं ? (ख) कंडिका "क" की कंपनियों का चयन किस आधार पर किया गया ? इनके द्वारा कितने-कितने इलेक्ट्रानिक मीटर, किस-किस क्षमता के और किस-किस दर पर सप्लाई किया जाना है ? (ग) क्या सप्लाई किये गये इलेक्ट्रानिक मीटर में खामियां पाई गई, अगर हां, तो क्यों ? इस हेतु किस-किस स्तर के अधिकारियों पर जिम्मेदारी तय की गई ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) इलेक्ट्रानिक मीटर सप्लाई का आदेश विभाग द्वारा जारी नहीं किया गया है. तथापि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल द्वारा निम्न छ: फर्मों/कंपनियों को इलेक्ट्रानिक मीटर के क्रय हेतु आदेश विगत 02 वर्षों में जारी किए गए हैं :-

1. मेसर्स सिक्योर मीटर लिमिटेड, उदयपुर.
2. मेसर्स एल. एंड टी. लिमिटेड, मुंबई.
3. मेसर्स एमको लिमिटेड, ठाणे.
4. मेसर्स टी. टी. एल. लिमिटेड, नोएडा.
5. मेसर्स जीनस ओवरसीज इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, जयपुर.
6. मेसर्स बी. एच. ई. एल., रायपुर.

मीटर की खरीद हेतु जारी क्रयादेश में मुख्यत: मीटर की गुणवत्ता, गुणवत्ता की पुष्टि हेतु परीक्षण, मीटरों का सप्लाई के पूर्व निरीक्षण, सप्लाई किए गए मीटरों की गारंटी, निर्धारित अवधि में मीटर सप्लाई न करने पर जुर्माना, सुरक्षा निधि आदि से संबंधित शर्तें हैं. (ख) कंडिका "क" की कंपनियों का चयन प्रतिस्पर्धात्मक दरों पर बुलाई गई खुली निविदा के आधार पर किया गया है. इन फर्मों को सप्लाई हेतु दिए गए आदेशों के अनुसार मीटरों की संख्या, क्षमता और दरों का विवरण †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शाया गया है. (ग) जी हां, कुछ मीटरों में खराबी पाई गई थी. तथापि क्रयादेश की शर्तों के अनुसार गारंटी अवधि में मीटर के खराब होने पर कंपनियों द्वारा मीटर में आई खराबी को सुधारा जाता है अथवा खराब मीटर को वापस लेकर नया मीटर दिया जाता है. उक्त शर्तों का पालन नहीं करने वाली कंपनियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने का प्रावधान है. अत: किसी अधिकारी पर जिम्मेदारी तय करने का प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

प्रदेश में चिकित्सकों के स्वीकृत पद

7. (*क्र. 193) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में राजपत्रित एवं अराजपत्रित डॉक्टरों के कुल कितने पद स्वीकृत हैं ? कितने पद रिक्त हैं ? (ख) कार्यरत चिकित्सकों में से कितने चिकित्सक परिविक्षाधीन अवधि पर हैं ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य** (डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी) : (क) एवं (ख) ‡ संलग्न परिशिष्ट अनुसार.

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत प्राप्त आवंटन

8. (*क्र. 88) **श्री उदय मुदलियार :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत वर्ष 2006-07 में 25 जनवरी, 2007 तक कुल कितनी राशि केन्द्र सरकार से प्राप्त हुई और जिलेवार कितनी-कितनी राशि का आवंटन किया गया ? (ख) 25 जनवरी, 2007 तक कुल कितने लोगों को राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत काम दिया गया ? माहवार एवं जिलेवार संख्या बतावें ? (ग) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत प्रदेश में कितने जाब कार्ड बनाये गये ? जिलेवार संख्या देवें ?

† परिशिष्ट "दो" †† परिशिष्ट "तीन" ‡ परिशिष्ट "चार"

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चन्द्राकर) : (क) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत केन्द्र सरकार से राशि सीधे जिलों को प्राप्त होती है. वर्ष 2006-07 में 25 जनवरी, 2007 तक जिलेवार प्राप्त राशि का विवरण † संलग्न प्रपत्र "अ" पर दर्शित है. (ख) 25 जनवरी 2007 तक कुल 7,78,764 लोगों को राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत काम दिया गया. माहवार एवं जिलेवार संख्या † संलग्न प्रपत्र "ब" पर दर्शित है. (ग) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत प्रदेश में कुल 18,15,058 जॉब कार्ड बनाये गये. जिलेवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "स" पर दर्शित है.

### प्रदेश में एकल बत्ती विद्युत कनेक्शन

9. (*क्र. 200) **डॉ. शक्राजीत नायक** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में जिलेवार कितने-कितने एकल बत्ती विद्युत कनेक्शन पंजीकृत हैं ? कितने-कितने में मीटर लगाया जा चुका है ? (ख) प्रति एकल बत्ती विद्युत कनेक्शन पर मीटर में एवं बिना मीटर वाले में किस-किस दर से माहवारी या तिमाही बिलिंग किया जा रहा है ? (ग) किस तिथि तक एकल बत्ती बिजली नि:शुल्क दिया जा रहा था और कब से उपभोक्ताओं को बिल देना शुरू किया गया ? (घ) एकल बत्ती विद्युत कनेक्शन पर विद्युत शुल्क की माफी किस तिथि से किये जाने का निर्णय लिया गया है, एवं कुल कितनी राशि प्रदेश में माफ की गयी है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) 31 जनवरी 2007 की स्थिति में प्रदेश में कुल 8,45,254 एकल बत्ती (वर्तमान में बी. पी. एल. के नाम से) कनेक्शन हैं जिनमें से 2,39,346 कनेक्शनों में मीटर लगाए जा चुके हैं. जिलेवार संख्या †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शाई गई है. (ख) छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी टैरिफ आदेश के अनुसार 01 जुलाई 2005 से मीटर वाले बी. पी. एल. (एक बत्ती) कनेक्शनों के वास्तविक खपत (अधिकतम 30 यूनिट तक) के लिए 1.50 रुपये प्रति यूनिट की दर से तथा बिना मीटर वाले कनेक्शनों के लिए 50 रुपये प्रतिमाह प्रति कनेक्शन की दर से बिलिंग की जाकर उनमें नि:शुल्क 120 वॉट तक के विद्युत भार के लिये 15 यूनिट विद्युत खपत के बिल की राशि 22.50 रुपये की छूट देकर शेष राशि का माहवारी/तिमाही बिल जारी किया जा रहा है. (ग) फरवरी 1994 से जून 2005 तक एक बत्ती कनेक्शनों के उपभोक्ताओं को 40 वॉट के एक बल्ब के लिये नि:शुल्क विद्युत प्रदाय किया जा रहा था. तत्पश्चात् छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी टैरिफ आदेश के अनुसार 01 जुलाई 2005 से एक बत्ती कनेक्शन के स्थान पर बी. पी. एल. कनेक्शन (अधिकतम 120 वॉट तक के विद्युत भार) के लिए उपरोक्तानुसार बिल देना प्रारंभ किया गया है. (घ) विद्युत मण्डल की मांग अनुसार एक बत्ती कनेक्शनों पर 01 जुलाई 2005 से कुल बकाया राशि 14 करोड़ 31 लाख 65 हजार रुपये का भुगतान राज्य शासन द्वारा किए जाने का निर्णय लिया गया है.

### दीर्घकालीन विद्युत प्रदाय अनुबंधधारी विद्युत उत्पादकों से बिजली खरीद की दर

10. (*क्र. 110) **श्री भूपेश बघेल** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या राज्य शासन ने दीर्घकालीन विद्युत प्रदाय अनुबंधधारी विद्युत उत्पादकों से बिजली खरीद की दर बढ़ायी है ? (ख) यदि हां, तो राज्य शासन के उपरोक्त निर्णय से कितना विद्युत भार अतिरिक्त पड़ेगा ? (ग) क्या वर्तमान में बिजली की दर कोयला आधारित संयंत्रों के लिये अधिक और गैर पारंपरिक स्रोत के लिये कम है ? यदि हां, तो क्या यह केन्द्रीय नीति का उल्लंघन नहीं है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) जी नहीं. (ख) उत्तर "क" के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता. (ग) विद्युत अधिनियम, 2003 के लागू होने के पूर्व में किये गये अनुबंधों के कारण गैर पारंपरिक स्रोत आधारित विद्युत संयंत्र मेसर्स वंदना विद्युत लिमिटेड, सिरगिट्टी, बिलासपुर एवं मेसर्स इन्डो लहरी बायो पावर लिमिटेड, रायपुर की विद्युत प्रदाय दर, कोयला आधारित विद्युत संयंत्र मेसर्स जिंदल स्टील एण्ड पावर लिमिटेड रायगढ़ की दरों से कम है. वर्तमान में विद्युत अधिनियम, 2003 के प्रावधानों के अंतर्गत राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा गैर पारंपरिक बायोमास आधारित विद्युत संयंत्र जो कि दिनांक 01-04-2005 के बाद क्रियाशील होंगे, के लिये विद्युत दरें निर्धारित की गई है जो कि दीर्घकालीन आधार पर कोयला आधारित विद्युत संयंत्रों के लिये लागू दर से अधिक है. अत: केन्द्रीय नीति के उल्लंघन का प्रश्न उपस्थित नहीं होता. दीर्घकालीन अवधि के लिये विद्युत क्रय हेतु दरों का निर्धारण केन्द्रीय विद्युत नियामक आयोग/राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा किया जाता है.

### राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजनांतर्गत कार्यों की स्वीकृति

11. (*क्र. 11) **श्री नंदकुमार पटेल** : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2006-07 में रायगढ़ जिले के विभिन्न विकासखण्डों में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजनांतर्गत कुल कितने कार्य एवं कितनी राशि की स्वीकृति हुई है ? विकासखण्डवार, पंचायतवार जानकारी देवें ? (ख) स्वीकृत कार्यों में दिनांक 27-01-2007 तक कुल कितनी राशि व्यय की गई है ? किये गये व्ययों में मजदूरी भुगतान एवं अन्य मदों में व्यय की जानकारी अलग-अलग बतावें ? (ग) क्या राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में चालू है ? यदि नहीं, तो ऐसे ग्राम पंचायतों की संख्या एवं नाम बतावें जहां कार्य नहीं चल रहे हैं ?

† परिशिष्ट "पांच"                                                    †† परिशिष्ट "छ:"

पंचायत मंत्री (श्री अजय चंद्राकर) : (क) वर्ष 2006-07 में रायगढ़ जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत विकासखंडवार तथा पंचायतवार स्वीकृत कार्यों एवं राशि की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-एक में दर्शित है. (ख) स्वीकृत कार्यों में दिनांक 27-01-2007 तक कुल रुपये 1992.050 लाख की राशि व्यय की गई है. कुल व्यय राशि में से मजदूरी भुगतान पर रुपये 1211.779 लाख एवं अन्य मदों में रुपये780.272 लाख व्यय किया गया है. (ग) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना रायगढ़ जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में लागू है. जिले के कुल 710 ग्राम पंचायतों में से 687 ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजनान्तर्गत कार्य चल रहे हैं. शेष 23 ग्राम पंचायतों में कार्य नहीं चल रहे हैं उसकी जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "दो" में है.

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सृजित पदों की जानकारी

12. (*क्र. 85) श्री रविन्द्र चौबे : क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र साजा, धान खम्हरिया, परपोड़ी, खण्डसरा में नये सेटअप में कौन-कौन से पद सृजित है ? (ख) क्या पदों के मान से पदस्थापना की गई है ? (ग) क्या धान खम्हरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्टाफ नर्स एवं लेब टेक्नीशियन के पद समाप्त कर दिये गये हैं ? यदि हां, तो क्यों ?

राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य (डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी) : (क) † संलग्न परिशिष्ट अनुसार. (ख) जी नहीं. (ग) प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

कसडोल तथा बिलाईगढ़ विकासखण्ड के ग्रामों का विद्युतीकरण

13. (*क्र. 207) श्री राजकमल सिंघानिया : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कसडोल तथा बिलाईगढ़ विकासखण्ड में वर्ष 2005 से 2006 तथा 2006 से दिसम्बर, 2006 तक कितने ग्रामों में विद्युतीकरण किया गया ? (ख) वर्ष 2006-07 में विद्युत पोल तथा विद्युतीकरण के लिये कितनी राशि स्वीकृत की गई ?

मुख्यमंत्री (डॉ. रमन सिंह) : (क) कसडोल तथा बिलाईगढ़ विकासखण्डों के अंतर्गत वर्ष 2005-2006 तथा 2006-2007 में दिसम्बर, 2006 तक कुल 56 ग्रामों में (ग्रामों के मजरों/टोलों/मुहल्लों में) विद्युतीकरण किया गया है. (ख) छ. रा. विद्युत मण्डल द्वारा किसी क्षेत्र विशेष में विद्युतीकरण कार्यों हेतु कोई राशि स्वीकृत नहीं की जाती है, अपितु वित्तीय वर्ष में विभिन्न विद्युतीकरण कार्यों के लिये जिलेवार निर्धारित लक्ष्यों के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों के चयनित विद्युतीकरण कार्य कराए जाते हैं. तद्नुसार वर्ष 2006-07 में 31 जनवरी 2007 तक उक्त विकासखण्डों के अंतर्गत कुल 673.57 लाख रुपये लागत के विभिन्न विद्युतीकरण कार्य स्वीकृत किये गये हैं.

इंदिरा आवास के लिए लाभान्वित परिवारों की संख्या

14. (*क्र. 212) श्री चुरावन मंगेशकर : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2005-06 में बिलासपुर जिले में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले कितने लोगों को इंदिरा आवास की स्वीकृति दी गयी है ? (ख) कंडिका "क" के अनुसार जरहागांव विधान सभा क्षेत्र क्रमांक 28 में वर्ष 2006 में इंदिरा आवास कितने ग्राम पंचायत को स्वीकृत किया गया ? ग्राम पंचायतवार संख्या बतावें ?

पंचायत मंत्री (श्री अजय चन्द्राकर) : (क) वर्ष 2005-06 में बिलासपुर जिले में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले 2979 लोगों को इंदिरा आवास की स्वीकृति दी गई है. (ख) कंडिका "क" के अनुसार जरहागांव विधान सभा क्षेत्र क्रमांक 28 में वर्ष 2005-06 में कुल 355 इंदिरा आवास 115 ग्राम पंचायतों में स्वीकृत किया गया. ग्राम पंचायतवार संख्या †† संलग्न परिशिष्ट में है.

बाक्साइट खदानों हेतु विभिन्न फर्म/एजेंसी को कार्यों का आवंटन

15. (*क्र. 42) श्री त्रिलोचन पटेल : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला कांकेर, बस्तर एवं दन्तेवाड़ा में किस-किस फर्म/एजेंसी को बाक्साइट खदानों का ठेका दिया गया है ? (ख) कंडिका "क" की फर्म/एजेंसी द्वारा रायल्टी चोरी एवं बिजली चोरी अथवा बेनामी विद्युत कनेक्शन के कितने प्रकरण वर्ष 2006-07 में सामने आए हैं ? इन पर क्या कार्यवाही की गई ?

† परिशिष्ट "सात" †† परिशिष्ट "आठ"

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) जिला कांकेर, बस्तर एवं दंतेवाड़ा में किसी भी फर्म/एजेंसी को बाक्साइट खदानों का "ठेका" नहीं दिया गया है. जिला बस्तर एवं कांकेर में स्वीकृत बाक्साइट खनिपट्टे की जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" पर दर्शित है. (ख) प्रश्नांश "क" में दर्शित खनिपट्टेधारियों के विरुद्ध विद्युत चोरी अथवा बेनामी विद्युत कनेक्शन के प्रकरण प्रकाश में नहीं आये हैं. रायल्टी चोरी के दर्ज प्रकरणों की जानकारी † संलग्न प्रपत्र- "ब" पर दर्शित है.

चांपा विधान सभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर स्थापित विद्युत ट्रांसफार्मरों पर व्यय

16. (*क्र. 54) **श्री मोतीलाल देवांगन :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में चांपा विधान सभा क्षेत्र में कितने ट्रांसफार्मर खराब हुए ? इनमें से कितने ट्रांसफार्मर मरम्मत कराए गए तथा कितने बदले गए ? वर्षवार जानकारी दें ? (ख) वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में कितने नग नए ट्रांसफार्मर किस-किस क्षमता के चांपा विधान सभा क्षेत्र में कहां-कहां स्थापित किए गए ? इन पर कितनी राशि व्यय की गई ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) चांपा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत 2005-06 में खराब हुए सभी 112 वितरण ट्रांसफार्मर बदले जा चुके हैं तथा वर्ष 2006-07 में 31 जनवरी 2007 तक खराब हुए 105 वितरण ट्रांसफार्मरों में से 98 ट्रांसफार्मर बदले गये हैं. खराब हुए ट्रांसफार्मरों में से किसी ट्रांसफार्मर को मरम्मत कर नहीं लगाया गया है. (ख) चांपा विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में 31 जनवरी 2007 तक कुल 39 नये वितरण ट्रांसफार्मर स्थापित किये गये हैं, जिन पर स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार कुल 88.16 लाख रुपये की राशि व्यय की गई है. इन ट्रांसफार्मरों की स्थापना का स्थान, एवं क्षमता की वर्षवार जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शाई गई है.

जांजगीर-चांपा जिले में संचालित स्वास्थ्य केंद्रों में स्वीकृत पद

17. (*क्र. 99) **महन्त रामसुंदर दास :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जांजगीर-चांपा जिले में कुल कितने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप-स्वास्थ्य केन्द्र कहां-कहां पर संचालित हैं ? स्थान का नाम सहित बतावें ? (ख) उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में कहां-कहां कितने पद स्वीकृत हैं ? कितने कार्यरत हैं ? कितने एवं कौन-कौन से पद कब से रिक्त हैं ? वर्गवार विवरण दें ? (ग) रिक्त पदों पर नियुक्ति कब तक कर दी जावेगी ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य** (डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी) : (क) जांजगीर-चांपा जिले में 07 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 24 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 247 उप-स्वास्थ्य केन्द्र संचालित है. विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" पर दर्शित है. (ख) उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ब" पर दर्शित है. (ग) समय-सीमा बताना संभव नहीं है.

बाक्साईट उत्खनन के लिए बालको को दी गयी भूमि

18. (*क्र. 267) **श्री धर्मजीत सिंह :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या कवर्धा जिले के बोड़ला विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम सेमरसाता, ग्राम दलदली, ग्राम रबदा, ग्राम केसमरदा और मुंढादादर गांव सहित कई अन्य बैगा आदिवासी बाहुल्य गावों की बैगा आदिवासियों की लगभग छः सौ हेक्टेयर भूमि जिला प्रशासन कवर्धा द्वारा बालको (भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड) को बाक्साईट उत्खनन करने हेतु आदिवासियों की भूमि अधिग्रहित कर को दे दी गयी है ? यदि हां, तो यह अधिग्रहण कब किया गया, एवं बैगा आदिवासियों की भूमि बाक्साईट उत्खनन हेतु किन-किन शर्तों पर ली गई है ? उत्खनन हेतु कौन-कौन से गांवों में कितनी भूमि प्रदान की गयी है ? (ख) क्या यह सत्य है कि प्रश्नांश "क" में पूछे गए अधिग्रहीत भूमि पर 01 जनवरी 2004 से बालको ने उत्खनन प्रारंभ कर दिया है और उत्खनन प्रारंभ करने के बाद भी बैगा आदिवासियों का व्यवस्थापन अभी तक नहीं किया गया है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड के ग्राम सेमसाटा, रब्दा केसमर्दा एवं मुंढादादर में बालको को 626.117 हेक्टर भूमि पर खनिज बाक्साइट का खनिपट्टा स्वीकृत है. स्वीकृत खनिपट्टे के क्षेत्र में310.350 हेक्टर शासकीय भूमि एवं 315.767 हेक्टर निजी भूमि है. निजी भूमि में बैगा आदिवासियों की भूमि के साथ-साथ अन्य कृषकों की निजी भूमि भी शामिल है. बालको हेतु अधिग्रहित की गई निजी भूमि का ग्रामवार विवरण एवं बालको को स्वीकृत खनिपट्टा में निजी भूमि के संबंध में लगाई गई शर्तों का विवरण ‡ संलग्न प्रपत्र "अ" पर दर्शित है. उत्खनन हेतु प्रदान की गई भूमि का विवरण ‡ संलग्न प्रपत्र "ब" पर दर्शित है. (ख) बालको को खनन प्रारंभ करने के लिए भू-प्रवेश हेतु दी गई अनुमति की तिथि का विवरण प्रश्नांश "क" के ‡ संलग्न प्रपत्र "ब" की तालिका में कालम नं. 06 पर अंकित है. बाक्साईट खनन कार्य प्रारंभ करने हेतु प्रदान की गई निजी

† परिशिष्ट "नौ" †† परिशिष्ट "दस" ‡ परिशिष्ट "ग्यारह"

भूमि में कुल 12 (जाति गोंड़) आदिवासियों की भूमि है तथा इन सभी 12 परिवारों को उनकी मांग के अनुसार जमीन के बदले जमीन तथा आवास हेतु प्रत्येक परिवार को 10 डिसमिल जमीन व रुपये 2500/- सहायता राशि बालको द्वारा प्रदान की गई है, अतएव आदिवासियों का व्यवस्थापन किये बगैर खनन कार्य प्रारंभ किये जाने का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है.

## एड्स नियंत्रण हेतु प्राप्त राशि का एन. जी. ओ. को आवंटन

19. (*क्र. 30) **श्री देवजी भाई पटेल** : क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में एड्स नियंत्रण हेतु पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता के लिए किस-किस मद में कितनी-कितनी राशि केन्द्र शासन एवं अन्य एजेन्सियों से प्राप्त हुई हैं ? (ख) कंडिका "क" की राशि में से क्या एन. जी. ओ. को भी कार्य आवंटित कर राशि दी गई ? अगर हां, तो किन-किन को और कितनी-कितनी राशि ? (ग) कंडिका "ख" के एन. जी. ओ. का चयन का आधार क्या है ? (घ) कंडिका "क" के अनुसार प्राप्त राशि में से कितनी राशि खर्च की गई है ? जिलेवार बतावें.

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य** (डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी) : (क)

| वित्तीय वर्ष | मद | प्राप्त राशि | प्रदायकर्ता |
|---|---|---|---|
| 2005-06 | परिवार स्वास्थ्य जागरूकता अभियान | 79.50 लाख | राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको), नई-दिल्ली. |
| 2006-07 | निरंक | निरंक | निरंक |

(ख) जी नहीं. प्रश्न उपस्थित नहीं होता. (ग) प्रश्न उपस्थित नहीं होता. (घ) † संलग्न परिशिष्ट अनुसार.

## प्रदेश में किसानों को प्रदत्त सिंचाई पम्प कनेक्शन

20. (*क्र. 201) **डॉ. शक्राजीत नायक** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 31 मार्च, 2004 की स्थिति में प्रदेश में कुल कितने सिंचाई पम्प जिलेवार पंजीकृत थे ? (ख) वर्ष 2004-05, 2005-06, 2006-07 में वर्षवार, जिलेवार कितने-कितने किसानों के सिंचाई पम्पों को ऊर्जीकृत किया गया ? ऊर्जीकरण के लिये कितने-कितने प्रकरण लंबित हैं ? तथा 31 मार्च 2007 तक कितने पम्पों के ऊर्जीकरण का लक्ष्य निर्धारित है ? (ग) कृषि सिंचाई पम्पों के ऊर्जीकरण के लिये जिलेवार वर्ष 2007-08 का लक्ष्य क्या है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) 31 मार्च, 2004 की स्थिति में प्रदेश में कुल 96773 सिंचाई पम्प कनेक्शन विद्यमान थे. जिलेवार संख्या †† संलग्न परिशिष्ट में दर्शाई गई है. (ख) प्रश्नाधीन अवधि में वर्षवार एवं जिलेवार ऊर्जीकृत किये गये पम्पों की संख्या एवं दिनांक 31-01-2007 की स्थिति में ऊर्जीकरण हेतु औपचारितापूर्ण लंबित प्रकरणों की संख्या भी संलग्न परिशिष्ट-1 में दर्शाई गई है. वर्ष 2006-07 में 35000 सिंचाई पम्पों के विद्युतीकरण का लक्ष्य निर्धारित है. (ग) वर्ष 2007-08 में 40000 पम्पों के विद्युतीकरण का लक्ष्य प्रस्तावित है. जिलेवार लक्ष्यों का निर्धारण चालू वित्तीय वर्ष के समापन के उपरांत किया जावेगा, अत: जिलेवार लक्ष्य अभी बता पाना संभव नहीं है.

## ताप विद्युत संयंत्र स्थापित करने की क्षमताओं का आंकलन

21. (*क्र. 111) **श्री भूपेश बघेल** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल या ऊर्जा विभाग ने छत्तीसगढ़ में कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्र स्थापित करने की क्षमताओं का आंकलन संबंधी कोई अध्ययन पॉवर फाईनेन्स कारपोरेशन से कराया है ? (ख) यदि हां, तो इसका विस्तृत ब्यौरा क्या है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) जी हां. (ख) छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल ने छत्तीसगढ़ में कोयला आधारित विद्युत संयंत्र स्थापित करने की क्षमताओं का आंकलन संबंधी अध्ययन पावर फाइनेन्स कारपोरेशन (पी. एफ. सी.), नई दिल्ली से वर्ष 2002-03 व 2003-04 में करवाया था. मेसर्स पी. एफ. सी. द्वारा अध्ययन प्रतिवेदन दिसंबर 2004 में प्रस्तुत किया गया था. अध्ययन प्रतिवेदन में राज्य में उपलब्ध कोयले के आधार पर

† परिशिष्ट "बारह" †† परिशिष्ट "तेरह"

1,16,000 मेगावाट क्षमता की ताप विद्युत परियोजना 30 वर्ष की अवधि के लिए अथवा 35,000 मेगावाट क्षमता की ताप विद्युत परियोजना 100 वर्ष की अवधि के लिए स्थापित किए जाने की संभावना दर्शाई गई है.

विज्ञापनों पर कुल व्यय एवं भुगतान

22. (*क्र. 12) **श्री नंद कुमार पटेल :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2005-2006 में छत्तीसगढ़ सरकार की उपलब्धियों को दर्शाने के लिए जनसंपर्क विभाग के माध्यम से समाचार पत्र पत्रिकाओं एवं इलेक्ट्रानिक चैनल में विज्ञापनों पर कुल कितना व्यय शासन द्वारा किया गया ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : वित्तीय वर्ष 2005-2006 में छत्तीसगढ़ सरकार की उपलब्धियों पर दर्शाने के लिए जनसंपर्क विभाग के माध्यम से समाचार पत्र, पत्रिकाओं एवं इलेक्ट्रानिक चैनल में विज्ञापन पर कुल 5 करोड़ 22 लाख 34 हजार 66 रुपये का व्यय किया गया.

शासकीय मेडिकल कालेज जगदलपुर में स्वीकृत पद

23. (*क्र. 208) **श्री राजकमल सिंघानिया :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) मेडिकल कालेज जगदलपुर का आरंभ कब हुआ ? (ख) शासन द्वारा मेडिकल कालेज में प्रथम से चतुर्थ श्रेणी तक कितने पद स्वीकृत हैं ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य** (डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी) : (क) 28 अगस्त, 2006 को. (ख) 91 पद.

----------

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 04 (क्र. 98) के भाग (ख) की जानकारी ]

### नवा अंजोर परियोजना के तहत विकासखण्डों के चयन का आधार

● **जनसंख्या के आधार पर -**

1. अ. ज. जा./ अ. जा. की संख्या एवं साक्षरता प्रतिशत
2. लिंग अनुपात (1991 से 2001 के बीच का अंतर)
3. बच्चों का लिंग अनुपात (1991-2001 का अंतर)

● **सामाजिक आधार -**

1. निरक्षरता प्रतिशत
2. महिला निरक्षरता प्रतिशत
3. प्राथमिक शाला में दाखिल न होने वाले बच्चों की संख्या
4. मलेरिया बीमारी का प्रकोप

● **आर्थिक एवं रोजगार के आधार पर -**

1. कृषि मजदूरों की संख्या
2. खनिज, भटठा एवं संबंधित कार्यों में लगे मजदूरों की संख्या
3. बाल मजदूर की संख्या
4. बंजर/पड़त भूमि का प्रतिशत
5. सिंचित भूमि का प्रतिशत
6. मंडी/बाजार तक पहुंच
7. विगत वर्षों में पलायन की स्थिति

● **विषय-अधोसंरचना के आधार पर**

